# खरीफ की बोनी के बाद खाद के संकट से जूझ रहे विन्ध्य के किसान

## सरकार का कहना खाद की कोई कमी नहीं,मैहर में पुलिस की निगरानी में बटी खाद

नवभारत न्यूज

**सतना, 6 अगस्त. खरीफ की बोनी का काम करीब-करीब विन्ध्य में पूरी हो चुकी है.खाद की जरूरत चरम पर है.आए दिन किसानों को दिक्कतों का सामना करना पडता है.सीधी,रीवा और सतना में खाद के लिए किसान परेशान हो रहे है.**

बुधवार को मैहर के कटिया खाद वितरण समिति केन्द्र में खाद की किल्लत का स्पष्ट नजारा देखने को मिला.स्थिति यह थी कि भीड को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की मदद लेनी पडी.किसानों की लंबी कतारें लगने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया था.हालात को बिगडते देख समिति के प्रबन्धकों ने नगर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र सिंह चौहान और मैहर थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी को सूचना दी.दलबल के साथ मौके पर पहुचे पुलिस के अमले ने स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए किसानों से शान्ति बनाए रखने और व्यवस्था में सहयोग की अपील की.बाद में भीड को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात करना पडा.कमोवेश यही सूचना अन्य जिलों से भी प्राप्त हो रही है.





### सरकार बिचौलियों को मौका नहीं दे : अजय सिंह



चुरहट विधायक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर खाद की अव्यवस्था के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन दिया है कि प्रदेश में कहीं भी खाद की आपूर्ति में कमी नहीं है.इसके बावजूद विन्ध्य के किसानों को मांग के अनुरूप खाद नहीं मिल पा रही है.उन्होने कहाकि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री इन दिनों देश के कृषि मंत्री हैं.जिस प्रकार की दिक्कत आ रही है.उससे लग रहा है कि बिचौलियों को लाभ पहुचाने की दृष्टि से निजी व्यापारियों को खाद ज्यादा और समितियों को कम उपलब्ध कराई जा रही है.उन्होने सरकार से इस ओर तत्काल ध्यान देने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो किसान कोई भी कदम उठा सकते है.

# वन्यप्राणी आदान-प्रदान के लिए आवश्यक कार्यवाही करें : शुक्ल

## वन्यप्राणियों की कार्यवाही की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा जिले के गोविंदगढ़ स्थित बाघ प्रजनन केन्द्र एवं कर्नाटक राज्य के मंगलुरु स्थित पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क के मध्य वन्यप्राणियों के प्रस्तावित आदान-प्रदान संबंधी कार्ययोजना की समीक्षा की. अपर मुख्य सचिव, वन अशोक बर्णवाल और प्रधान मुख्य वन संरक्षक ( वन्यजीव ) शुभरंजन सेन उपस्थित रहे.**



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बाघ प्रजनन केन्द्र, गोविंदगढ़ में बाघ संरक्षण और संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश टाइगर स्टेट के रूप में अपनी पहचान को और सशक्त बना रहा है. उन्होंने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में अंतर्राज्यीय सहयोग महत्वपूर्ण है. उन्होंने केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा विचाराधीन वन्यप्राणी आदान-प्रदान प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गोविंदगढ़ के बाघ प्रजनन केन्द्र को वन्यजीव पर्यटन, जैव विविधता संरक्षण और अनुसंधान के एक आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा. इसके लिए आवश्यक अधोसंरचना, विशेषज्ञ संसाधनों और तकनीकी मार्गदर्शन की रूपरेखा पर कार्य प्रारंभ किया जाये. उल्लेखनीय है कि बाघ संरक्षण की दिशा में गोविंदगढ़ बाघ प्रजनन केन्द्र एक महत्त्वपूर्ण पहल के रूप में विकसित हो रहा है.

# दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म के तीन आरोपी गिरफ्तार

## चुरहट थाना क्षेत्र के बरिगवां के समीपी जंगल में हुई वारदात,प्रेमी को डंडे से मारा, बदमाश मोबाइल छीनकर हुए फरार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अगस्त. चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा के पास जंगल में एक दलित युवती के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ.रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने दबिश कार्रवाई में शाम को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि चौथे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई हैं। गिरफ्तार 2 आरोपी कठौतहा के है जबकि एक आरोपी चूल्ही का है। चौथा फरार आरोपी भी चूल्ही का है।**





मिली जानकारी के अनुसार पीडिता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने और फोटो खिंचवाने गई थी। तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे अपने दोस्त के साथ बरिगवा गांव की तरफ गई थी, जहां फोटो खिंचवाने के लिए जंगल की तरफ हम दोनों निकल गए। इसके बाद चार लोग घात लगाकर बैठे हुए थे और जैसे ही हम नीचे उतरने लगे, वैसे ही मेरा मुंह दबा लिया। मेरे दोस्त के सिर पर एक डंडा मारा, जिसकी वजह से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मुझे उठाकर तीन लोग ऊपर जंगल की ऊंचाई तक ले गए और सभी ने मिलकर मेरे साथ दुष्कर्म किया है। मैं रोती रही, गिड़गिड़ाती रही, उनके पैर पड़ती रही, पर किसी ने मुझ पर दया नहीं की। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे। फिर मेरा और मेरे दोस्त का फोन लेकर सभी भाग गए। इसके बाद मैं जंगल से भागकर नीचे आई और गांव वालों को इसकी सूचना दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शी दलवीर सिंह गोंड ने बताया कि मैं अपने गांव में भवन निर्माण का कार्य कर रहा था, तभी दो से ढाई बजे के बीच में एक युवती रोते हुए, गिरते-पड़ते हुए हालत में आई। मुझे बताया कि मेरे साथ दुष्कर्म हुआ है, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मैं पुलिस के साथ जंगल की तरफ गया। इसके बाद मैंने पाया कि वहां एक टॉवल पड़ी हुई है और फिर रेप जैसे घटनाक्रम दिखाई देता है वह मैंने देखा। पुलिस ने मेरा बयान लिया और फिर पूंछताछ करती रही। पूरी रात पुलिस मेरे गांव और आसपास के गांव में घूमती रही, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल था।

### इनका कहना है

यह जघन्य अपराध है। हमारी टीम की पहली प्राथमिकता पीड़िता का इलाज करवाना था, जिसे सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी घने जंगल की ओर भाग निकले थे और उस क्षेत्र में सीसीटीवी नहीं है, इस कारण कुछ समय लग रहा था। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी।

**डॉ. रविंद्र वर्मा**
एसपी सीधी

### न्याय दिलाने कांग्रेस आज सौंपेगी ज्ञापन

दलित युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है।युवती अपने मंगेतर के साथ बढ़ौरा मंदिर में दर्शन करने गई थी। जहां से लौटते समय चार बदमाशों ने युवक पर हमला कर दिया और उसे बांध कर युवती से गैंगरेप किया।यह घटना जिले को शर्मसार करने वाली है एक आरोपी फरार है। पीड़ित युवती को न्याय दिलाने जिला कांग्रेस महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक सीधी को सौंपेगी।

### इनका कहना है

मामले की जानकारी हमें सेमरिया थाना से प्राप्त हुई। घटना का क्षेत्र चुरहट थाना लगता है लेकिन नजदीक होने के कारण पीड़िता पहले सेमरिया थाने पहुंची। वहां थाना प्रभारी ने उसे प्राथमिक चिकित्सा दिलवाई, फिर चुरहट थाने में देर रात अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 138, 70 ए, 64(2), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संदिग्धों की तलाश के लिए 5 टीमों का गठन किया गया और शाम को तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

**आशुतोष द्विवेदी,**
एसडीओपी चुरहट

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम चिनगो निवासी एक 30 साल महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है । वही मृतिका के माईके पक्ष वालों ने उसके ससुराल पक्ष वालों पर मारपीट करने का आरोप लगाया।**

जानकारी के अनुसार मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम चिनगो निवासी बन्नी साकेत पति सुनील साकेत उम्र 30 वर्ष आज अचानक बीमार हुई। जहां उसे अस्पताल ला रहे थे कि उसकी मौत हो गई। इधर मृतिका के माईके पक्षवालों का कहना है कि 3 अगस्त को बन्नी साकेत ने फोन कर बताई थी कि पति सुनील साकेत शराब के नशे में धुत्त कर मारपीट किया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत

लंघाडोल थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरी निवासी एक 28 साल युवक को आज दिन बुधवार को बिजली करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डोंगरी निवासी मेवाराम साकेत पिता बाबूराम साकेत उम्र 28 वर्ष आज दिन बुधवार की सुबह करीब 9 बजे घर से करीब सौ मीटर दूर स्थित मोटर चलाने गया था। तभी मोटर का तार जोड़ते समय हाथ में चिपक गया। जहां युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र धुर्वे स्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# प्रसूता की मौत पर बनी तीन सदस्यीय समिति

## कमिश्नर ने तत्काल जांच कर तथ्यात्मक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अगस्त. कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद द्वारा आदेश जारी कर जिला अस्पताल सीधी में ग्राम कोलदहा की प्रसूता श्रीमती पूजा केवट पत्नी गणेश केवट की दिनांक 05 अगस्त 2025 को ऑपरेशन उपरांत मृत्यु संबंधी कारणो की जांच के लिए 03 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है।**



जारी आदेशानुसार नीलेश शर्मा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोपदबनास जिला सीधी समिति के अध्यक्ष होगे।

डॉ. एस.बी. अवधिया संयुक्त संचालक कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग एवं डॉ. ज्ञानेश मिश्रा उप संचालक कार्यालय क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रीवा संभाग समिति के सदस्य होगे। उपरोक्त समिति को निर्देशित किया गया है कि तत्काल जांच कर तथ्यात्मक अभिमत सहित प्रतिवेदन तत्काल प्रस्तुत करें।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से बुजुर्ग समेत दो घायल

## बंधौरा पुलिस चौकी क्षेत्र कुड़ियानाला के पास हुआ था हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। माड़ा थाना क्षेत्र के बंधौरा पुलिस चौकी अंतर्गत कुड़ियानाला के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसकी वजह से ट्रैक्टर में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

55 साल के बुजुर्ग व्यक्ति का एक पैर इस हादसे में फैक्चर हो गया तो दूसरी तरफ ट्रैक्टर चला रहे 35 साल के युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है और वह बेहोशी की हालत में है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों ही घायलों को इलाज के लिए बैढ़न के ट्रामा सेंटर के लिए रवाना किया। बंधौरा चौकी प्रभारी बीएल बंसल ने बताया कि घटना आज दिन बुधवार की शाम तकरीबन 4:30 बजे की है, जब चौरा गांव निवासी विष्णु देव पिता राम नारायण शाह 55 साल और शिवेंद्र कुमार शाह पिता राधेश्याम शाह उम्र 35 वर्ष ट्रैक्टर में सवार होकर खाद लेने के लिए रजमीलान जा रहे थे, तभी कुड़िया नाले के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया और दोनों ही लोग ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे, पुलिस को सूचना मिली तो पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों ही घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है, डॉक्टर से जो बात हुई है उसके मुताबिक दोनों की हालत खतरे से बाहर हैं घटना की वजह ट्रैक्टर की अनियंत्रित गति बताई गई है। चालक ट्रैक्टर को कंट्रोल नहीं कर पाया जिसके चलते पलट गया।



# कलेक्टर मऊगंज ने दो आदतन अपराधियों को दिया जिला बदर का नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मऊगंज संजय कुमार जैन ने दो आदतन अपराधियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत कारण बताओ नोटिस दिया है.**

कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज दिलीप सोनी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर दो आदतन अपराधियों को 14 अगस्त को जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया है. कलेक्टर ने आदतन अपराधी अच्छेलाल साहू आयु 25 वर्ष पिता चन्द्रबली साहू निवासी ग्राम घोघम थाना हनुमना को नोटिस दिया है. अच्छेलाल साहू के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट, चोरी, लोगों को डराने-धमकाने, सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने, शराब के अवैध व्यापार सहित भारतीय दण्ड विधान एवं मध्यप्रदेश आबकारी एक्ट के तहत कुल 15 प्रकरण दर्ज हैं. इसी तरह हिमांशु गुप्ता आयु 29 वर्ष पिता राजकुमार गुप्ता निवासी वार्ड क्रमांक चार अमहा वासुदेव हनुमना को भी नोटिस दिया गया है. हिमांशु गुप्ता पर मारपीट, डराने-धमकाने, गाली-गलौज सहित कुल 11 प्रकरण दर्ज हैं.

# ट्रैफिक नियम तोड़ने पर 56 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गठित जिला सड़क सुरक्षा समिति के निर्देश पर जिले में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर लगाम कसने के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ( आरटीओ ) द्वारा सख्त कदम उठाया गया है.**

हाल ही में रीवा शहर सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई व्यापक जांच के दौरान कुल 56 प्रकरण ऐसे पाए गए जिनमें वाहन चालकों ने गंभीर रूप से मोटर वाहन अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन किया था. इन मामलों में रेड लाइट जंप करना, ओवर स्पीडिंग, स्टंटबाजी, खतरनाक तरीके से वाहन चलाना, तथा नशे की हालत में ड्राइविंग जैसी गंभीर लापरवाहियाँ प्रमुख थीं. संबंधित थानों और ट्रैफिक अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर इन सभी 56 मामलों को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रीवा द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 56 ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं. मोटर यान अधिनियम, 1988 की धाराओं के अंतर्गत यह कार्रवाई कि गई. भविष्य में भी इसी तरह के जांच अभियान जारी रहेंगे. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है और ऐसे किसी भी वाहन चालक को बख्शा नहीं जाएगा जो अपनी लापरवाही से खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालते हैं. उन्होंने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है.

### ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

रीवा में खेत में जुताई के दौरान कीचड़ में फंसे ट्रैक्टर को निकालते समय बड़ा हादसा हो गया. जहां ट्रैक्टर अचानक पलट गया. जिससे ट्रैक्टर चला रहा किसान हादसे की चपेट में आ गया. ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई, घटना बुधवार दोपहर की है. हादसा जवा थाना के नगमा गांव का है, घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक मृतक राधेश्याम उम्र 26 साल गांव में खेत की जुताई कर रहा था. इसी दौरान ट्रैक्टर कीचड़ में फंस गया तो ग्रामीण उसे निकालने का प्रयास करने लगे. अचानक ट्रैक्टर का अगला हिस्सा उठ गया और ट्रैक्टर खेत में पलट गया. जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे ही दब गया और उसकी मौत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला. लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है. वहीं पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है.

# 24 घंटों के अंदर लापता किशोरी दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**सीधी, 6 अगस्त. लापता नाबालिक किशोरी को जमोड़ी पुलिस ने 24 घंटों के भीतर सकुशल दस्तयाब किया।**

थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस द्वारा एक लापता नाबालिक किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार दिनांक 04 अगस्त 2025 को एक परिजन द्वारा थाना जमोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिक किशोरी घर से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों एवं रिश्तेदारों में तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई कि कोई व्यक्ति किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है।प्रकरण दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई और थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम को तलाश में लगाया गया। मात्र 24 घंटे के भीतर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर थाने लाया.

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल सहित 5 मोटर साइकिल बरामद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 6 अगस्त, गुढ़ थाना पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जिसके पास से नगदी सहित एक मोबाइल फोन और 5 मोटर साइकल बरामद की गई है. आरोपी ने पूंछताछ के दौरान कई चौकाने वाले खुलासे किये.**



3 अगस्त को एक फरियादी के द्वारा गुढ़ थाने में आवेदन देकर शिकायत की गई की इसका एक अनराइड मोबाइल के साथ ही 90000 चोरी हो गया है. पुलिस को सूत्रों की मदद से 6 अगस्त को एक शातिर बदमाश विवेक पटेल पिता रजनीश पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खजुहा को पकड़ा गया. जहां पुलिस की पूछताछ में शातिर बदमाश ने गुढ़ थाना क्षेत्र के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में चोरी करने की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने थाना गुढ़ में भी दो मोटर साइकल व एक अनराइड मोबाइल के साथ 90000 रुपए चोरी करने की घटना को अंजाम दिया है और साथ ही अन्य थानों के बारे में भी चोरी करने की जानकारी दी. जहां उसके द्वारा रायपुर कर्चुलियान, बिछिया थानों में भी चोरी करने की बात स्वीकार किया जहां गुढ़ पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रीवा के समक्ष प्रस्तुत किया. गुढ़ थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि चोर को पकड़ने के बाद पूछताछ की गई तो उसके द्वारा एक चोरी का नहीं लगभग कई लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की. आरोपी के निशानदेही पर 5 मोटर साइकल और मोबाइल बरामद किया गया है.

# स्थानांतरित एसडीओपी को दी गई भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। रीवा से स्थानांतरित होकर आए आईपीएस गौरव पाण्डेय ने मोरवा पहुंचकर बतौर एसडीओपी का पद भार ग्रहण कर लिया। इसके बाद मोरवा एसडीओपी रहे एसडीओपी केके पाण्डेय ने भी निवाड़ी के लिए अपनी रवानगी ले लिये।**



गौरतलब है कि बीते माह 28 जुलाई को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में जहां 2022 बैच के आईपीएस अफसर गौरव पाण्डेय को मोरवा एसडीओपी का पदभार सौंपा गया था, वहीं करीब 2 वर्षों तक मोरवा एसडीओपी के पद पर सेवाएं दे रहे कृष्ण कुमार पाण्डेय का स्थानांतरण बतौर एसडीओपी निवाड़ी के लिए किया गया था।इसी क्रम में बुधवार शाम मोरवा पुलिस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी केके पाण्डेय को भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम में मोरवा निरीक्षक यूपी सिंह, माड़ा निरीक्षक शिव पूजन मिश्रा, डीपीओ आनंद कमलापुरी समेत मोरवा पुलिस एवं एसडीओपी कार्यालय के पुलिस कर्मियों व मोरवा के प्रबुद्ध लोग शामिल रहे। इस दौरान सभी ने अनुविभागीय अधिकारी कृष्ण कुमार पाण्डेय को नए जिले में प्रभार समेत उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने उनके सिंगरौली जिले में 2 वर्ष के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री पाण्डेय ने कई विषम परिस्थितियों में भी शांत रहते हुए मामले को संभाले रखा। उन्होंने अपने अनुभव और कार्य कुशलता सभी मामलों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 अगस्त। सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 9 अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया।**



कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर जुलाई माह की शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन के शिकायतों के निराकरण में प्रदेश स्तर से जारी जुलाई माह की रैकिंग टॉप 5 में जगह बनाने पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एसएम त्रिपाठी, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी, वन विभाग के एसडीओ एनके त्रिपाठी, कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सिंह, खनिज अधिकारी आकांक्ष पटेल, ननि आयुक्त डीके शर्मा तथा डीईओ एसबी सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ ही जिलाधिकारियों से अपेक्षा किया कि आगामी जारी होने वाली रैकिंग में अधिक से अधिक शिकायतों का निराकरण कर ए ग्रेड में आने का प्रयास करे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99